EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state whether the Government $_0$f India have asked the Sri Lankan Government to meet the expenditure incurred by them on locking after the Sri Lankan citizens of Tamil origin who came to Tamil Nadu as refu--£fes?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS SHRI K. R. NARAYANAN): No formal proposal has so far been made in this regard t_0 the Government of Sri Lanka.

दिल्ली की पांच कपड़ा मिलों में हड़ताल

297. **श्री अश्विनी कुमार** : क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली की पांच कपड़ा मिलों में 28 मई, 1986 से 20,000 मजदूरों द्वारा की गई हड़ताल के कारण उत्पादन में कुल कितना नुकसान हुआ है तथा सरकार को उत्पादन शुल्क के कारण कितनी हानि हुई है ;

(ख) क्या सरकार श्रमिकों की मांगों को न्यायोचित मानती है ;

(ग) क्या मिलों के प्रबंधकों ने श्रीकों या श्रमिक संगठनों से उत्पादन कम होने की शिकायत लिखित रूप में की है; और

(घ) उत्पादन बढ़ाने के लिए दिल्ली की पांच कपड़ा मिलों के मजदूरों के साथ कोई समझौता करने हेतु क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री खुर्शीद आलम खान) : (क) से (घ) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

अयोध्या कपड़ा मिल में हडताल

298. **श्री अश्विनी कुमार** : क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली की अयोध्या मिल, जो राष्ट्रीय वस्त्र निगम के अंतर्गत कार्य कर रही है, में हड़ताल का समाधान करने के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा उठाये गये कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या अयोध्या मिल में उत्पादकता के पहलू की जांच करने के लिये कोई समिति नियुक्त की गई है ; और

(ग) अयोध्या मिल के श्रमिकों तथा प्रबंधकों के बीच 14 अक्तूबर, 1979 को हुए समझौते पर क्या कार्यवाही की गई है ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री खुर्शीद आलम खान): (क) श्रम मंत्री ने यह कोशिश करने के लिये प्रबंधक और यूनियन अपने मतभेदों को दूर कर दें और मामले का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटा दें । 19 जून 1986 को सभी दलों की बैठक की थी । श्रम आयुक्त, दिल्ली प्रशासन और मुख्य श्रम आयुक्त (केन्द्र) ने प्रबंधकों और यूनियनों के साथ 19-6-1986 से 16-7-1986 तक संयुक्त रूप से और अलग-अलग अनेक दौर में विचार विमर्श किया है । दिल्ली प्रशासन को सहायता कर रहे मुख्य आयुक्त (केन्द्र) के समझौता करने के माध्यस्थी प्रयास जारी हैं ।

(ख) और (ग) 1-1-79 से प्रति कामगार 45 रु0 प्रति मास की तदर्थ राहत के भुगतान और 1-1-1980 से आरम्भ होने वाले अगले 5 वर्षों में से प्रत्येक के लिए 1-1-80 से प्रति कामगार 6 रु0 प्रति मास की वेतनवृद्धि के संबंध में 14-10-79 को कामगारों के साथ हुए करार के खण्ड अयोध्या टैक्सटाइल्स मिल्स, दिल्ली द्वारा क्रियान्वित किए गए हैं । जिस समिति के कार्यभार के मानकीकरण, वर्गीकरण और सुव्यवस्थीकरण के प्रश्न की जांच करनी थी, उसकी नियुक्ति नहीं की जा सकी, क्योंकि कामगारों के प्रतिनिधियों को नामित नहीं किया गया ।

Modification of the recommendatiens of Pay Commission

299. SHRI SUKOMAL SEN: Will the Minisler of FINANCE be pleased to stale:

fa) hy when the Fourth Central Pay Commission Report i$_s$ likely to be implemented;